उत्तर प्रदेश सरकार

# उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

## सूचना / विज्ञप्ति

## होमगार्ड्स स्वयंसेवकों का एनरोलमेंट–2025

## "One Time Registration (OTR)" कराये जाने के सम्बन्ध में सूचना

संख्याः–पीआरपीबी–बी(होमगार्ड संवर्ग)–02 / 2025 दिनांक–नवम्बर 07,2025

उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्याः 60 / 2025 / 1780 / पन्चानबे–2025–08प्रकीर्ण / 2012 दिनांक 03–11–2025 द्वारा होमगार्ड्स स्वयंसेवकों के एनरोलमेंट की कार्यवाही उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के माध्यम से कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

2– अभ्यर्थियों के व्यापक हित में एनरोलमेंट हेतु आवेदन करने की प्रक्रिया को सुविधाजनक, सरल, पारदर्शी व सुगम बनाने की दृष्टि से "One Time Registration (OTR)" करना अनिवार्य है।

3– अभ्यर्थी द्वारा बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर इस निमित्त दिये गये लिंक https://apply.upprpb.in एवं https://www.upprpb.in पर जाकर वॉछित सूचनाएं भरकर OTR की प्रक्रिया पूर्ण की जा सकती है, जिससे भविष्य में होने वाले विज्ञापन में आवेदन करने में उन्हें कोई असुविधा न हो। OTR पंजीकरण करने हेतु अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु FAQ व वीडियो लिंक भी बोर्ड की बेवसाइट पर उपरोक्त लिंक पर उपलब्ध है।

4– जिन सम्भावित अभ्यर्थियों द्वारा भर्ती बोर्ड की किसी भी परीक्षा के दृष्टिगत पूर्व में OTR रजिस्ट्रेशन किया गया है, उन्हें पुनः रजिस्ट्रेशन करने की आवश्यकता नहीं है।

5– होमगार्ड्स स्वयंसेवकों के एनरोलमेंट हेतु आवेदन पत्र ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त किये जायेगें। इस सम्बन्ध में विस्तृत सूचना एवं आवेदन हेतु लिंक बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर यथाशीघ्र उपलब्ध होगें।

6– अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे नवीनतम अपडेट व अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in का अवलोकन करते रहें।

**अपर सचिव, भर्ती**
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।